बरेली, रविवार
12 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 4 BOTTOM

मुकाबला एमडीसीए व आइकि नेक्स्ट जेनरेशन पहुंची हैं फाइनल में

प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

14 छक्कों, 13 चौकों से 168 रन बनाने व तीन विकेट लेने वाले अनुभव बने मैन आफ द मैच

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (11 April): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के सेमीफाइनल मुकाबले में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला. पहले सेमीफाइनल मैच में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को 34 रन से हरा कर फाइनल का टिकट कटाया. वहीं दूसरे सेमीफाइनल में एसएनएस बुलंदशहर को 73 रन से मात देकर आईके नेक्स्ट जनरेशन की टीम फाइनल में पहुंची. इससे पहले चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में एसएनएस बुलंदशहर ने एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी को तीन रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया.

फाइलन में पहुंचने वाली टीम के कैप्टन ट्राफी से हुए सम्मानित .

आइके ने 73 रन से दर्ज की जीत

दूसरा सेमीफाइनल मैच आइके नेक्स्ट जनरल और एसएनएस बुलंदशहर के बीच खेला गया . आइके के कप्तान शिवम शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया . टीम ने आठ विकेट खोकर 212 बनाए . इसमें आर्यन जुआल (26 रन, 14 गेंद, एक चौका, 3 छक्के), अक्षु बाजवा (54 रन, 25 गेंद, दो चौका, पांच छक्के) ने दमखम दिखाया . एसएनएस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ओवर में 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया . दस ओवर में एसएनएस की टीम के पांच बल्लेबाज 62 रन पर पैवेलियन लौट चुके थे . निर्धारित 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी . इसमें शिवम (13 रन, 7 गेंद, एक चौका, एक छक्का), दीपक (31 रन, 23 गेंद, दो चौके, दो छक्के), मुहम्मद हमजा (50 रन, 43 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) और लवकेश चौधरी (11 रन, 14 गेंद, एक चौका) ही आइके की गेंदबाजी आक्रमण का कुछ हद तक मुकाबला कर सके . नतीजा आइके ने 73 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया .

एमडीसीए ने की पहले बैटिंग

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में बजाज के कप्तान शोएब सिद्दीकी ने टास जीत कर एमडीसीए को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया . एमसीडीए की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 243 रन बनाए . इसमें हर्ष त्यागी (55 रन, 26 गेंद, 6 चौके, 4 छक्का), समीर चौधरी (18 रन, 11 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), ऋतुराज शर्मा (76 रन, 37 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) और प्रियम गर्ग (24 रन, 13 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का) और निर्देश बैसोया (43 रन, 18 गेंद, 2 चौके, 4 छक्का) ने अहम भूमिका निभाई . बजाज की टीम 209 रन ही बना सकी . एमडीसीए ने 34 रन से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया . फाइनल मैच संडे को खेला जाएगा . इसकी तैयारी स्टेडियम में पूरी कर ली गई है . इस मैच को देखने के लिए कई बड़े दिग्गज लोग पहुंचेंगे .